कक्षा- पाँचवी

विषय – हिन्दी

समयावधि- 3:00 घण्टे **अंक- 80**

आवश्यक निर्देश –

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रश्नों के रूप के अनुसार प्रश्न पत्र को पाँच भागों क,ख, ग,घ,ङ में बाँटा गया है।
3. प्रश्न 1से 15 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।
4. प्रश्न 16 से 25तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।
5. प्रश्न 26से 33तक अति लघुत्तरात्मक प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।
6. प्रश्न 34 से 41 तक लघुत्तरात्मक प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है।
7. प्रश्न 42 से 44 तक दीर्घोत्तरात्मक प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है।
8. शुद्ध , सुन्दर और सुवाच्य उत्तर, अंक बढ़ाने में सहायक होंगे।

भाग-क (बहुविकल्पीय प्रश्न)

(1-15) सही उत्तर का चयन करके लिखें । प्रत्येक प्रश्न एक अंक का है।

1. कल्पना चावला को अपने प्रश्नों के उत्तर कहाँ से मिले ?

(I) फिल्मों से (II) आसमान से (III) किताबों से (IV) खेलों से

2. रानी लक्ष्मीबाई के बचपन का क्या नाम था ?

(I) चंपा (II) मनु (III) सुंदर (IV) छबीली

3. ‘ ईदगाह कहानी में ’ हामिद की उम्र कितनी है ?

(I) 4-5 वर्ष (II) 3-4 वर्ष (III) 5-6 वर्ष (IV) 6-7 वर्ष

4. 'धरोहर' का अर्थ क्या है ?

(I) अमानत (II) धरा (III) आकाश (IV) सलामत

5. पुष्प का एक पर्यायवाची यह भी है -

(I) कमल (II) जलज (III) कली (IV) फूल

6. हरियाणा में कुल कितने जिले हैं ?

(I) 18 (II) 20 (III) 22 (IV) 21

7. रानी लक्ष्मीबाई ने अपने बेटे की जिम्मेदारी किसे सौपी थी ?

(I) सैनिकों को (II) चंपा को

(II) सुंदर को (IV) नाना साहब को

8. गांधी जी को पहली कक्षा में भर्ती कराया गया तब उनकी आयु कितनी थी?

(I) 13 वर्ष (II) 11 वर्ष (III) 12 वर्ष (IV) 10 वर्ष

9. चींटी दाना लेकर चलती है | वाक्य में कर्ता कौन है ?

(I) दाना (II) चलती (III) है (IV) चींटी

10. पत्तों की आवाज कैसी होती है?

(I) गर्जना (II) हिनहिन

(III) भिन्न-भिन्न (IV) मरमराना

11. चित्रकार चित्र बनाता है| वाक्य में क्रिया किस काल में हो रही है।

(I) वर्तमान काल (II) भूतकाल

(III) भविष्यत काल (IV) आसन्न भूतकाल

12. पुण्य शब्द का सही अर्थ है -

(I) पाप (II) पावन

(III) पारस (IV) पायस

13. जय जवान जय किसान का नारा किसने दिया था?

(I) भगत सिंह (II) लाल बहादुर शास्त्री

(III) बाल गंगाधर तिलक (IV) सुभाष चंद्र बोस

14. कल्पना चावला का जन्म कहां हुआ था?

(I) पानीपत (II) अम्बाला (III) करनाल (IV) जींद

15. कितने वर्ष की आयु में ध्यानचंद को भारतीय सेना में नौकरी मिल गई थी?

(I) 16 वर्ष (II) 17 वर्ष (III) 18 वर्ष (IV) 19 वर्ष

भाग-ख (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

(16-25) प्रत्येक प्रश्न एक अंक का है।

16. बालक कृष्ण को क्या खाना सबसे अच्छा लगता है ?

17. कल्पना ने अपनी पहली अंतरिक्ष यात्रा कब की थी ?

18. जिस प्रकार हमारा राष्ट्रीय पशु बाघ है, राष्ट्रीय पक्षी मोर है, उसी प्रकार राष्ट्रीय पुष्प ______________ है ।

19. 'बच्चे गेंद से खेल रहे थे' वाक्य में ______________काल है ।

20. रानी लक्ष्मीबाई एक वीर महिला थी 'लक्ष्मीबाई' संज्ञा का कौन सा रूप है ?

21. सूरदास के पद किस भाषा में लिखे गए हैं ?

22. रेखांकित मुहावरे का सही अर्थ बताइए परीक्षा में प्रथम आना टेढ़ी खीर है।

23. नीचे दिए गए शब्दों का उपयोग कर सही वाक्य बनाएं -
घर चला गया है/ क्योंकि/ शेखर/ उसके सिर में दर्द था।

24. ध्यानचंद खिलाड़ी का संबंध किस खेल से है?

25. सही वाक्य का चयन कीजिए –
नदी बहती है। / नदी गिरती है। / नदी उड़ती है। / नदी चढ़ती है।

भाग-ग (अति लघुत्तरात्मक प्रश्न)

(26-33) प्रत्येक प्रश्न दो अंक का है। इन प्रश्नों के उत्तर 10-20 शब्दों में लिखो |

26. बालकृष्ण माँ यशोदा से मक्खन न खाने के क्या-क्या तर्क देते हैं ?

27. मनुबाई अस्त्र-शस्त्र चलाना क्यों सीख रही थी?

28. हामिद ने मेले से चिमटा ही क्यों खरीदा?

29. 'हार नहीं होती' कविता के अनुसार व्यक्ति की जय-जयकार कब होती है?

30. संग्रहालय में कौन-कौन सी झांकियां देखने को मिलती है?

31. पुष्प ने वनमाली को क्या करने को कहा है?

32. अगर आपके सामने शेर आ जाए तो आप क्या करोगे?

33. गांधीजी के तीन बंदरों से आपको क्या शिक्षा मिलती है?

भाग-घ (लघुत्तरात्मक प्रश्न)

(34-41) प्रत्येक प्रश्न तीन अंक का है। इन प्रश्नों के उत्तर 20-30 शब्दों में लिखो |

34. एक बार फिर कल्पना को कड़ा प्रशिक्षण दिया गया| अन्तरिक्ष में जाने से पहले कल्पना को प्रशिक्षण में क्या-क्या सिखाया गया होगा?

35. मैया को माँ या माता भी कहते हैं ,तो बताइए,नीचे लिखे शब्दों के लिए अन्य कौन से दो शब्दों का प्रयोग किया जाता है|

(i) भैया (ii)गाय (iii) घर

36. नीचे लिखे शब्दों के समान अर्थ देने वाले शब्द लिखो-

(i) दिन (ii) सूर्य (iii) आकाश

37. बूढी गेंद की उदासी कैसे दूर हुई? सोचकर लिखिए|

38. आप बड़ा यानी अच्छा आदमी बनने के लिए क्या-क्या काम करेंगे?

39. नदियाँ मनुष्य के लिए किस प्रकार से उपयोगी हैं?

40. अपने पसंदीदा पालतू पशु के बारे में लिखिए।

41. गांधी जी की तरह महान बनने के लिए आप कौन-कौन से कार्य करेंगे?

भाग- ङ (दीर्घोत्तरात्मक प्रश्न)

(42-44) प्रत्येक प्रश्न पाँच अंक का है। इन प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखो |

42. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 50-60 शब्दों में दीजिये

हामिद की जगह आप होते तो मेले से अपनी दादी के लिए क्या खरीदते और क्यों?

अथवा

पुष्प की अभिलाषा की तरह आप अपने जीवन की अभिलाषा बताइए?

43. जमील नंदू का पीछा करके कौन सा सच जानना चाहता था?

44. हमारे जीवन में खेल क्यों महत्वपूर्ण हैं? अपने पसंदीदा खेल के बारे में लिखिए।